QHD

June - Examination 2016

B.A./B.Com./BSc / BSW Examination

General Hindi

सामान्य हिंदी

Paper - QHD

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र अ, ब तथा स तीन खण्डों में विभाजित है। खण्ड अ अतिलघुउत्तरात्मक प्रश्न से संबंधित, खण्ड ब लघुउत्तरात्मक तथा खण्ड स निबंधात्मक प्रश्नों से संबंधित है। खण्ड में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(खण्ड – अ) **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं उत्तर की अधिकतम शब्द संख्या एक शब्द, एक वाक्य या 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1) (i) पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन कब और कहाँ हुआ?

(ii) देवनागरी लिपि की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(iii) मुहावरे तथा लोकोक्ति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(iv) पारिभाषिक शब्द को उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(v) दूध शब्द का तत्सम शब्द लिखिए।

(vi) सूरज के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(vii) दो युग्म शब्द लिखें।

(viii) तुलसीदास का रामचरित मानस किस भाषा में लिखा गया है?

(ix) आत्मकथा में किसकी कथा होती है?

(x) संस्मरण गद्य विधा की रचना है या पद्य विधा की?

(खण्ड – ब) $4 \times 10 = 40$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उत्तर की शब्द–सीमा अधिकतम 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

2) हिन्दी भाषा के विकास–क्रम को स्पष्ट करें।

3) हिन्दी भाषा के शब्द–भंडार पर टिप्पणी कीजिए।

4) कम्प्यूटर में हिन्दी के प्रयोग व उसकी संभावना पर विचार कीजिए।

5) पर्यायवाची शब्द की परिभाषा बताते हुए अग्नि, पृथ्वी, घर, चन्द्रमा तथा वायु के दो–दो पर्यायाची शब्दों को लिखिए।

6) उपसर्ग तथा प्रत्यय शब्द की परिभाषा बताते हुए। उनके दो–दो उदाहरण दीजिए।

7) पारिभाषिक शब्द किसे कहते हैं? पारिभाषिक शब्दों के 5 उदाहरण लिखिए।

8) पत्र के प्रमुख प्रकारों को बताते हुए सरकारी पत्र का एक नमूना दें।

9) निबंध लेखन की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड – स) $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उत्तर की शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

10) कबीर की कविता का वैशिष्ट्य निर्धारित कीजिए।

11) जयशंकर प्रसाद विरचित 'आकाशदीप' कहानी की समीक्षा करें।

12) आत्मकथा साहित्य के इतिहास का वर्णन करते हुए महात्मा गांधी की आत्मकथा का वैशिष्ट्य निर्धारित कीजिए।

13) हिन्दी भाषा के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप पर निबंध लिखिए।